INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM - 1 EXAMINATION ( 2019-2020)

No of printed pages: 4

कक्षा : VII | विषय : हिंदी | पूर्णांक : 80

दिनांक : 26/09/19 | समय : 3 घंटे

---

सामान्य निर्देश : (1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क,ख, ग और घ।
(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(3) इस प्रश्न-पत्र में कुल 17 प्रश्न हैं।
(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

---

## खंड-क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

पहले एक कहावत प्रचलित थी -'पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे होगे खराब।' कुछ लोग आज भी सोचते हैं कि खेलने-कूदने से समय नष्ट होता है और स्वास्थ्य बनाने के लिए व्यायाम कर लेना ही काफ़ी है।यह विचार सही नहीं है।खेल-कूद से स्वास्थ्य तो बनता ही है, साथ-साथ छात्र ऐसे गुण भी सीखता है जिनका जीवन में विशेष महत्त्व है और जो व्यायाम से प्राप्त नहीं होते।सहयोग से काम करना, विजय मिलने पर अभिमान न करना, हार जाने पर साहस न छोड़ना, विशेष ध्येय के लिए नियमपूर्वक कार्य करना आदि गुण खेलों के द्वारा अनायास ही सीखे जा सकते हैं।सामान्य लोग सफलता न पाने पर साहस छोड़ बैठते हैं और दोबारा प्रयास नहीं करते, परंतु अच्छा खिलाड़ी हारने पर भी प्रयास करता रहता है ताकि वह आगे चलकर हारी हुई बाजी को जीत सके।इन बातों से प्रतीत होता है कि खेल के मैदान में केवल अच्छा स्वास्थ्य ही नहीं बनता, बल्कि अच्छे व अनुशासित मनुष्य का भी निर्माण होता है।

प्रश्न:-

(क) खेलो के द्वारा छात्र कौन-कौन से गुण सीखते हैं? (2)

(ख) अच्छे खिलाड़ी की क्या पहचान है? (2)

(ग) गद्यांश के अनुसार कुछ लोग आज भी क्या सोचते हैं? (2)

(घ) कहावत के अनुसार हम खेलने-कूदने से कैसे होंगे? (1)

(ङ) 'हार' और 'सफलता' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1)

(च) खेल के मैदान में किस प्रकार के मनुष्य का निर्माण होता है? (1)

(छ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

## खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न **2.** निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए :- (2)

(क) रिषी (ख) पुज्यनीय (ग) क्रिपा (घ) ग्रहीणी

प्रश्न **3.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए :- (2)

(क) क्या आप भोजन कर लिए हैं?

(ख) राहुल दीवार पर नहीं लिखो।

प्रश्न **4.** निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए :- (2)

(क) निर्दोष (ख) आजीवन

प्रश्न **5.** निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करके लिखिए :- (2)

(क) मिलावट (ख) नायिका

प्रश्न **6.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (2)

(क) मोर (ख) प्रेम

प्रश्न **7.** निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करके लिखिए :- (3)

(क) कृषक (ख) पतंग (ग) परिवार

प्रश्न **8.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए :- (3)

(क) एक वृद्ध सड़क पर गिर गया।

(ख) इस किताब के कवि बहुत प्रसिद्ध हैं।

(ग) माली बगीचे की देखभाल करता है।

प्रश्न **9.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए :- (3)

(क) छत पर चिड़िया बैठी है।

(ख) बच्चा पेड़ पर चढ़ रहा है।

(ग) पिताजी ने मेरे लिए दवाई खरीदी।

प्रश्न **10.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक-भेद लिखिए :- (4)

(क) पूजा नदी में तैर रही है।

(ख) मेरी किताब फट गई है।

(ग) सभी कमरों को साफ़ कर दो।

(घ) हे भगवान ! हमारी रक्षा करो।

## खंड-ग (पाठ्य-पुस्तक)

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:-

" देखने में रक्त लाल द्रव के समान दिखता है, किंतु इसे सूक्ष्मदर्शी द्वारा देखें तो यह भानुमती के पिटारे से कम नहीं। मोटेतौर पर इसके दो भाग होते हैं। एक भाग जो तरल है, जिसे हम प्लाज़्मा कहते है। दूसरा, वह जिसमें छोटे-बड़े कई कण होते हैं...कुछ लाल, कुछ सफेद और कुछ ऐसे जिनका कोई रंग नहीं, जिन्हें बिंबाणु (प्लेटलैट कण) कहते हैं। ये कण प्लाज़्मा में तैरते रहते हैं।" इतना कहकर डॉक्टर दीदी ने सूक्ष्मदर्शी के नीचे एक स्लाइड लगाई, उसे फोकस किया।

(क) रक्त को कितने भागों में बाँटा गया है? (1)

(ख) रक्त के रंगहीन कणों को क्या कहते हैं? (1)

(ग) रक्त में कौन-कौन से कण होते हैं? (1)

(घ) खून की जाँच किससे की जाती है? (1)

(ङ) पाठ का नाम व पाठ के लेखक का नाम लिखिए। (2)

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- (6)

(क) सचेतन (ख) अप्रतिभ (ग) संरक्षण (घ) रक्तवाहिका (ङ) पलाश (च) जिज्ञासा

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित शब्दों तथा मुहावरों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :- (5)

(क) धावा बोलना (ख) इर्द-गिर्द (ग) लुभावना

(घ) तत्काल (ङ) मुमकिन

**प्रश्न 14.** निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं 5</u> प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :- (5)

(क) 'शाम एक किसान' कविता में किस मौसम की शाम का वर्णन किया गया है?

(ख) लैटरबक्स किसकी चिट्ठी पढ़ रहा था?

(ग) दिव्या को कौन-सी बीमारी थी?

(घ) मुरलीवाला मुरली कितने में बेच रहा था?

(ङ) कठपुतली को किस बात का दुख था?

(च) हिमालय से निकलने वाली दो नदियों के नाम लिखिए।

(छ) बिंबाणुओं का हमारे शरीर में क्या काम होता है?

प्रश्न **15.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए :- **(15)**

**(क)** 'शाम एक किसान' कविता में कवि ने अँधकार को 'भेड़ों के गल्ले-सा' क्यों कहा है?

**(ख)** पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?

**(ग)** किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया?

**(घ)** काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?

**(ङ)** पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी लगी?

**(च)** ब्लड-बैंक में रक्तदान से क्या लाभ हैं?

**(छ)** 'दूसरों के लिए जीना ही वास्तविक जीवन है।' मिठाईवाला पाठ के आधार पर लिखिए।

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न **16.** विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

अपनी बहन को पत्र लिखिए जिसमें कक्षा में प्रथम आने पर उसे बधाई दी गई हो।

प्रश्न **17.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **70-80** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- **(5)**

**(क)** प्लास्टिक की दुनिया **(ख)** विकास का आधार-अनुशासन **(ग)** स्वतंत्रता दिवस

..........................................................समाप्त..........................................................